रामा केहि विधि,
आऊं मैं पास तिहारे,
रामा केहि बिधि,
रामा केहि बिधि।।

तर्ज यारा सिली सिली।

बादल बन उड़ जाऊं अवध को,
बादल बन उड़ जाऊं अवध को,
बरसी बरसी पखारू चरण को,
बरसी बरसी पखारू चरण को,
मोर बनूँ उत नाच दिखाऊं,
मोर बनूँ उत नाच दिखाऊं,
रामा केहि बिधि,
आऊं मैं पास तिहारे।।

बनूँ शिला जो तुम चरण छुआ दो,
बनूँ शिला जो तुम चरण छुआ दो,
बांस बन जाऊं तुम धनु ही बना लो,
बांस बन जाऊं तुम धनु ही बना लो,
काठ होय बनी जाऊं खड़ाऊ,
काठ होय बनी जाऊं खड़ाऊ,
रामा केहि बिधि,
आऊं मैं पास तिहारे।।

चन्दन बनी लगु तिलक भाल पर,
चन्दन बनी लगु तिलक भाल पर,
हिय बिंधाय सजू फूल माल पर,
हिय बिंधाय सजू फूल माल पर,
जनम जनम सुख पाऊं इतराऊं,
जनम जनम सुख पाऊं इतराऊं,
रामा केहि बिधि,
आऊं मैं पास तिहारे।।

जोग ना जानू मैं जाप ना जानू,
जोग ना जानू मैं जाप ना जानू,
वेद पढ्यो ना पंथ ना मानु,
वेद पढ्यो ना पंथ ना मानु,
बस तुम्हरे ही जस मैं गाऊं,
बस तुम्हरे ही जस मैं गाऊं,
रामा केहि बिधि,
आऊं मैं पास तिहारे।।

रामा केहि विधि,
आऊं मैं पास तिहारे,
रामा केहि बिधि,
रामा केहि बिधि।।

Singer Jayshree Shivram

Source: https://www.bharattemples.com/rama-kehi-vidhi-aau-main-pas-tihare/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw